प्रेस विज्ञप्ति

08.08.2021

ट्रैक और फिल्ड एथलीट प्रतिस्पर्धा मे भाला फेकने वाले गोल्ड मेडल विजेता खिलाडी नीरज चोपड़ा के सम्मान मे रक्तदान शिविर का आयोजन।

गुरुद्वारा जटा शंकर के प्रांगण मे रोटरी क्लब युगल द्वारा एक बृहद रक्त दान शिविर का आयोजन हमारे देश के शान गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा के सम्मान मे समर्पित किया गया। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलम्पिक 2020 मे 87.58 मीटर भाला फेककर हमरे देश का नाम रौशन कर दिया है। ये बाते ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बतायी, और कहा की रक्तदान स्वयं को निरोगी रखने का सबसे अच्छा उपाय है,किसी भी व्यक्ति के शरीर में रक्त मुख्य अवयव है, रक्त के बिना जीवन की कल्पना ही नही की जा सकती है और रक्त की भी अपनी आयु है, उसके बाद नया रक्त उसका स्थान लेता है, इस रक्त का लगातार बनना और शुद्ध रहना अति आवश्यक है । सर्जरी, दुर्घटना, एनीमिया, एप्लास्टिक एनीमिया, थैलेसीमिया या अन्य गंभीर रोगों में रोगी को रक्त की आवश्यकता पड़ती है रक्तदाताओं की ज़रूरत पड़ती है । जो स्व रक्तदाताओं के रक्तदान से पूर्ति होनी चाहिए।

रक्तदान महादान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी और अग्रणी रक्तदाता सरदार जसपाल  सिंह जी ने कहा कि रक्त देना दूसरों को स्वस्थ रखने के साथ साथ अपने को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा उपाय है और बड़ा पुण्य का कार्य है ।

प्रसिद्ध समाजसेवी और वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ रूप बैनर्जी जिन्होंने 69 बार रक्तदान कर एक आदर्श स्थापित किया है , ने कहा रक्तदान से नया खून बनता है, अनेक रोगों से बचाव होता है, चार व्यक्तियों को जीवनदान

मिलता है, तो क्यों हम रक्तदान न करें, क्यों न हम पुण्य के भागीदार बनें, क्यो न हम किसी अनजान व्यक्ति को जीवनदान देने का आत्मिक सुख प्राप्त करें ।

रोटरी क्लब गोरखपुर युगल अध्यक्ष रो अनुराग अग्रवाल ने रोटरी युगल के संकल्प को व्यक्त करते हुए कहा अधिकतम रक्तदान के लिए रोटरी युगल प्रतिबद्ध है, लोगों में रक्तदान को लेकर भय को दूर कर उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित करना ही हमारा लक्ष्य है, हमारा प्रयास है की हर माह रक्तदान शिविरों का आयोजन हो ।

सचिव रो राकेश अग्रवाल ने सभी सदस्यों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रोटरैक्ट क्लब गोरखपुर युवा, रोटरैक्ट क्लब गोरखपुर वारियर्स, अंजना फाउंडेशन के रक्तदाताओं के प्रति भी आभार व्यक्त किया, सबके सम्मिलित प्रयास से ही यह कार्यक्रम सफल हुआ । ब्लड बैंक की कॉउंसलर शोभा राय ने सभी रक्तदाताओं का आभार ब्यक्त करते हुए सम्मान स्वरुप की चैन, मास्क, सम्मान पत्र दिया। रक्तदान शिविर मे श्री जशपाल सिंह, पप्पू वर्मा, अनमोल खेमका, विवेक वर्मा, पुष्पा संचित, संजय, उज्जवल के साथ 63 लोगो ने रक्तदान किया। डॉ हरिशंकर उपाध्याय ने सभी रक्तदाताओं का चिकित्सिय प्रशिक्षण किया जिसमे ब्लड प्रेसर, पल्स, हीमोग्लोबिन इत्यादि जांचे हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे तकनीशियन चंद्रेश्वर यादव, घनश्याम पाण्डेय, रूबी की अहम भूमिका रही। इस कार्यक्रम में रत्नेश तिवारी, उत्सव पोद्दार,विवेक श्रीवास्तव,सचिन मित्तल, अतुल खेतान, नीलम अग्रवाल, शालिनी अनुराग आदि उपस्थित थे ।

कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि मानकों का अनुपालन करते हुए कोविड़ अनुकूल व्यवहार का अक्षरशः पालन किया गया।